# वीयू का आई.सी.ए.आर. – केन्द्रीय मत्स्यकी शिक्षण संस्थान मुंबई से एम.ओ.यू.

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के माननीय कुलपति प्रो मनदीप शर्मा जी के प्रयास से विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के छात्र छात्राओं तथा फैकेल्टी के उत्थान हेतु एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया जिसमें विश्वविद्यालय का करार आई.सी.ए.आर. – सी.आई.एफ.ई. (CIFE) मुंबई से 5 वर्ष की अवधि के लिए किया गया। जिसके समझौते पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनदीप शर्मा जी तथा सी.आई.एफ.ए. के कुलपति डॉ. सी.एन. रविशंकर जी द्वारा हस्ताक्षर किये गये।



MoU between ICAR-CIFE Mumbai and Nanaji Deshmukh Veterinary Science University Jabalpur M.P.

इस समझौते का मुख्य उद्देश्य संयुक्त रूप से अनुसंधान गतिविधि, शैक्षणिक गतिविधियों तथा उक्त गतिविधियों हेतु वि.वि. के वैज्ञानिक तथा छात्र–छात्राओं का आदान–प्रदान किया जा सकेगा। वैज्ञानिक तथा शैक्षणिक परस्पर्ता बढ़े जिस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा सहयोग का दायरा निर्धारित किया गया है जिसमें कि दोनों यूनिवर्सिटी संयुक्त रूप से अनुसंधान तथा परियोजना के कार्य में भागीदारी करेंगे व उच्च गुणवत्ता के साइंटिफिक जनरल्स में पेपर पब्लिश कर सकेंगे। इस समझौते से मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं अच्छे अनुसंधान प्रयोगो द्वारा प्रदेश के मत्स्यकी क्षेत्र का उत्थान करने में सहायक होंगे तथा मत्स्य पालकों के प्रति अपने दायित्व को निभा सकेंगे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर